## नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

▶ तीन दिवसीय दीक्षांत समारोह का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम, 2 जुलाई. शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए तीन दिवसीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ.**




इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती दुबे, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पुष्पा दुबे एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि श्रीवास्तव मंचासीन रहीं.प्रथम दिवस महाविद्यालय परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुरूप नवप्रवेशित छात्राओं का प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया. प्राचार्य डॉ. भारती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 1961 में मात्र 12 छात्राओं से प्रारंभ हुआ यह महाविद्यालय आज अपनी छात्राओं की उपलब्धियों से नई पहचान बना चुका है. उन्होंने छात्राओं से महाविद्यालय की सभी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा कहा कि महाविद्यालय उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है.

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पुष्पा दुबे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं.कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने तीन दिवसीय दीक्षांत समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की. उन्होंने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया. दीक्षांत समारोह के द्वितीय दिवस नवप्रवेशित छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की जानकारी दी गई .

## खिलाड़ियों के साथ मनाया जन्मदिवस

▶ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस

**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम, 2जुलाई.** भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस दिव्यांग खिलाड़ियों के सम्मान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ी अपने परिश्रम,




अनुशासन और आत्मविश्वास से समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं तथा उनका सम्मान सामाजिक सरोकारों और समावेशी विकास को मजबूत करता है. भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान ही सशक्त समाज की पहचान है, जबकि डॉ.

राजकुमार मालवीय ने खिलाड़ियों को समाज की अमूल्य प्रेरणा बताया.

### ▶ एक नजर में



### सिराली में किसान संघ का ज्ञापन

**सिराली, 2जुलाई .** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई सिराली द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने मांग की कि किसानों की मूंग फसल की 100 प्रतिशत खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए तथा सिराली में दो खरीदी केंद्र स्थापित किए जाएं, क्योंकि सुल्तानपुर वेयरहाउस की दूरी अधिक होने और माचक नदी पुल के क्षतिग्रस्त होने से किसानों को परेशानी हो रही है . किसानों ने वर्ष 2025-26 की सोयाबीन फसल की बीमा राशि शीघ्र खातों में जमा करने, डीएमओ के लिए तहसील मुख्यालय पर भूमि आवंटित कर डबल लॉक खाद केंद्र खोलने और ई-टोकन प्रणाली को सरल बनाने की भी मांग की। साथ ही जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई . संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई न होने पर 4 जुलाई से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन किया जाएगा. ज्ञापन सौंपते समय संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे .

### संवेदनशील स्थानों पर निगरानी कर हो रहा निरीक्षण

**नर्मदापुरम, 2 जुलाई .** मानसून के दौरान वर्षा, आंधी-तूफान एवं जलभराव जैसी परिस्थितियों के बीच सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं . मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के निर्देशन में रेलवे संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ट्रैक, पुलों, सिग्नल एवं विद्युत परिसंपत्तियों की विशेष निगरानी की जा रही है . भोपाल-इटारसी, भोपाल-बीना, बीना-गुना, गुना-अशोकनगर-रूठियाई, इटारसी-नर्मदापुरम तथा अन्य संवेदनशील रेलखंडों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है . घाट क्षेत्रों, पुलों, जलभराव संभावित स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी एवं नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है . संवेदनशील रेलखंडों पर विशेष मानसून पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है . संभावित जोखिम वाले स्थानों पर ट्रैक पेट्रोलमैन एवं चौकीदार तैनात किए गए हैं, जो लगातार रेल पथ, पुलों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं . रेलवे ट्रैक, यार्ड एवं स्टेशन परिसरों में जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए नालियों, पुलियों एवं जल निकासी मार्गों की व्यापक सफाई कराई गई है . सिग्नलिंग केबलों की जांच, मेगरिंग तथा अन्य अनुरक्षण कार्य समयबद्ध रूप से किए जा रहे हैं .

### महिला जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**हरदा , 2 जुलाई .** जिला कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन एवं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती सुचिता इक्का के निर्देशन में गुरूवार को हरदा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैरागढ़ आंगनवाड़ी वार्ड क्रमांक 31 में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर हरदा की केसवर्कर सुश्री ऋतू राजपूत ने उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी . उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली आवश्यक सेवाओं जैसे आपातकालीन सहायता, चिकित्सीय मदद, विधिक (कानूनी) सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थायी आवास (शेल्टर), पुनर्वास सहायता और 181 महिला हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया . इस दौरान उन्होने उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर 112, 1098, 1930 व 15100 की जानकारी दी। अंत में उपस्थित महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरदा से स्पोर्ट स्टाफ श्री जगदीश मौर्य, आंगनवाड़ी वार्ड 31 बेरागढ से कार्यकर्ता श्रीमती सुनिता, सहायिका सुश्री एकता पाल सहित वन स्टाप सेंटर हरदा का स्टाफ उपस्थित रहा .

## भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

▶ एसडीएम सिवनी मालवा ने कार्रवाई पूरी करने के दिए सख्त निर्देश

**नर्मदापुरम, 2 जुलाई.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन (अपग्रेडेशन) परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (आरआई) तथा संबंधित ग्रामों के हल्का पटवारी उपस्थित रहे. बैठक में एसडीएम ने नर्मदापुरम क्षेत्र के अंतर्गत मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को त्वरित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों को निर्देशित किया कि अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से संबंधित सभी वैधानिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो.एसडीएम ने कहा कि नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का पुनर्निर्माण एवं उन्नयन क्षेत्र के विकास तथा आमजन की सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है. इसलिए भू-अर्जन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा चुका है.भू-अर्जन संबंधी समस्त कार्रवाई समय पर पूर्ण करना आवश्यक है.

## 196 श्रद्धालु वैष्णो देवी रवाना होंगे

**हरदा, 2 जुलाई.** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत हरदा जिले के 196 वरिष्ठ नागरिक 3 जुलाई को शासकीय खर्च पर वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे. यह योजना 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित की जा रही है, जो आयकरदाता नहीं हैं. यात्रा में हरदा तहसील के 48, हंडिया के 22, टिमरनी के 36, रहटगांव के 22, खिरकिया के 36 तथा सिराली तहसील के 32 श्रद्धालु शामिल होंगे. सभी यात्रियों को 3 जुलाई की शाम 6 बजे हरदा रेलवे स्टेशन पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं. यात्रा की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं.

## मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध रहेगा

▶ बंद ऋतु में अवैध मत्स्य विक्रय पर कार्रवाई, 110 किलोग्राम मछली जब्त

**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम,2जुलाई.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बंद ऋतु के दौरान अवैध मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के लिए मत्स्य पालन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बुधवार को विभाग के गठित दल ने नर्मदापुरम स्थित ब्रिज के नीचे बंगाली कॉलोनी एवं दशहरा मैदान मछली बाजार का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से विक्रय के लिए रखी गई लगभग 110 किलोग्राम मछली जब्त की गई.कार्रवाई के दौरान विभागीय दल ने क्षेत्र के सभी मत्स्य विक्रेताओं को कलेक्टर द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि मछलियों का प्राकृतिक प्रजनन काल (बंद ऋतु) है. इस अवधि मंर अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं मत्स्य परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित है. मत्स्य पालन विभाग ने सभी संबंधितों को चेतावनी दी.

## मानसून अवधि में रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

▶ 1 अक्टूबर तक खदानों से नहीं होगा उत्खनन

**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम,2जुलाई.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिले की स्वीकृत रेत खदानों एवं नदियों से मानसून अवधि के दौरान रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है. यह प्रतिबंध 30 जून 2026 की अर्धरात्रि से प्रभावी होकर 1 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा। कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, खनि अधिकारी एवं खनि निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार के अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल कार्रवाई करें.प्रतिबंध अवधि प्रारंभ होने के बाद खनिज विभाग द्वारा जिले की विभिन्न रेत खदानों का निरीक्षण कर उत्खनन कार्य पर रोक सुनिश्चित कराई गई. अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर शासन के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है .

## क्विज 2026 के लिए 25 जुलाई तक होगा पंजीयन

**हरदा ,2जुलाई.** मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपरा और लोक कला से स्कूली विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला एवं राज्य स्तरीय मध्य प्रदेश टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. क्विज प्रतियोगिता के लिये 25 जुलाई 2026 शाम 5:30 बजे तक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन किये जा सकते है. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के इच्छुक विद्यालयों द्वारा अपने स्कूल में अध्ययनरत 9 वीं से 12 तक के विद्यार्थियों की 3 सदस्यीय टीम का गठन किया जावेगा। विद्यालय द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा.इसके बाद 7 अगस्त को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक जिले में आयोजित होगा. यह आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया जाएगा. दो चरणों में होने वाली इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी, जहां 6 टीम द्वितीय चरण मल्टीमीडिया राउंड में सहभागिता करेंगी.

> इस राउण्ड में क्विज मास्टर द्वारा प्रतियोगिता को उत्सव के रूप मनाने के उद्देश्य से मल्टीमीडिया के माध्यम से रोचक प्रश्न पूछे जाएंगे। इस चरण में विजेता टीम राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी तथा प्रथम तीन टीमों को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा मैडल, प्रशस्ति पत्र तथा 3 दिवस और 2 रात्रि का मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु कूपन प्राप्त होगा . वहीं अगली तीन टीमों को मैडल, प्रशस्ति पत्र तथा 2 दिन 1 रात्रि का भ्रमण (आवास भोजन सुविधा युक्त) कूपन प्राप्त होगा .कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा अशोक डेहरिया एवं क्विज मास्टर नितिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे .

## पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

**पिपरिया, 2 जुलाई.**शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय 'दीक्षारंभ' प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, गतिविधियों और छात्र हितकारी योजनाओं से परिचित कराना है. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी और मुख्य अतिथि एसडीओपी मोहित यादव व टीआई आदित्य सेन द्वारा मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ.

## सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का हुआ

▶ 10 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय किय

▶ `22 हितग्राहियों का सहायक उपकरण हेतु किया चयन

**नवभारत न्यूज़**

**हरदा , 2 जुलाई.भारत सरकार की एडिप स्कीम अंतर्गत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में एवं एस आर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को जनपद पंचायत टिमरनी में जिले के दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग वितरण एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया।**

उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविर में ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता थी, उन्हें एलिम्को टीम विशेषज्ञों के माध्यम से तत्काल स्थान पर ही कृत्रिम अंग बनाकर हितग्राही को प्रदान किये गए. इस दौरान एडिप स्कीम अंतर्गत ऐलिम्को टीम द्वारा दिव्यांगजन हेतु सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, स्टिक, श्रवण यंत्र इत्यादि वितरण हेतु चयन किया गया.

> उप संचालक श्री सिंह ने बताया कि शिविर में जिले से कुल 80 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिसमें से 38 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर 10 हितग्राहियों को हाथ पैर हेतु कृत्रिम अंग कैलिपर बनाकर प्रदान किए गए एवं 22 हितग्राहियों का चयन सहायक उपकरण वितरण के लिये तथा 6 हितग्राहियों का चयन वृद्धजनों की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण हेतु किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा के विशेषज्ञों के माध्यम से दिव्यांगजन हेतु 12 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र व दिव्यांग पेंशन के संबंध में कार्यवाही की गई .

## मटकुली में ग्राम सभा आयोजित

**नवभारत न्यूज़**

**पिपरिया, 2 जुलाई.**ग्राम मटकुली के पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. अनुविभागीय अधिकारी आकिप खान के निर्देशानुसार आयोजित इस सभा में किसानों को कृषि विभाग से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ प्रदान की गईं.

बैठक में नरवाई न जलाने, उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग तथा कृषि संयंत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया. साथ ही कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसानों की सूची भी तैयार की गई और कई किसानों ने इसके लिए आवेदन प्रस्तुत किए.

## नर्मदा तटवर्ती गांवों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बाढ़ सुरक्षा के दिए निर्देश

**हरदा, 2 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को हंडिया, मनोहरपुरा, जुगरिया और सुरजना सहित नर्मदा तटवर्ती गांवों का निरीक्षण कर अधिकारियों को बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**

उन्होंने हंडिया में नर्मदा नदी में संचालित सभी नावों में लाइफ जैकेट अनिवार्य रखने, नर्मदा घाट को पॉलीथिन मुक्त क्षेत्र घोषित करने तथा घाट के आसपास का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर भवन की मरम्मत, सीसीटीवी कैमरे लगाने और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया. उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण में शामिल होकर आवश्यक जानकारी भी साझा की.

ग्राम जुगरिया में किसानों के खेतों में रेज्ड बेड सिस्टम से बोई गई सोयाबीन फसल का अवलोकन कर इसके लाभों की जानकारी ली.

**आयोजन** ▶ बूथ सशक्तिकरण तथा शक्ति केंद्रों की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गइ

## बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम, 2 जुलाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नर्मदापुरम नगर मंडल की बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय में आयोजित हुई. बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण तथा शक्ति केंद्रों की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.**

नगर मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की



सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा.बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश खंडेलवाल ने कहा कि नियमित बैठकों से कार्यकर्ताओं के बीच संवाद और समन्वय मजबूत होता है. उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखने तथा बूथ समितियों को सक्रिय रखने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से समाज, संस्कृति और खेती-किसानी जैसे विषयों पर प्रेरणादायक जानकारी प्राप्त होती है.भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र चौहान ने कहा कि नर्मदापुरम नगर मंडल के संगठनात्मक कार्यों की जिले के 24 मंडलों में सराहना हुई है. लोकेश तिवारी ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह 1 से 7 तारीख तक मंडल, 7 से 14 तक जिला तथा 14 से 21 तक शक्ति केंद्र स्तर की बैठकों का आयोजन किया जाएगा.

## चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत

**हरदा,2 जुलाई.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के निर्देशानुसार धारा-138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881) के अंतर्गत लंबित चेक बाउंस प्रकरणों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण के लिए 18 जुलाई 2026 एवं 21 नवंबर 2026 को विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा.

चेक अनादरण से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के आधार पर सरल एवं शीघ्र निपटारा किया जाएगा, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया और अनावश्यक खर्च से राहत मिलेगी.नोडल अधिकारी न्यायिक अधिकारी जयदीप सिंह को नियुक्त किया गया है.

## नैतिक शिक्षा व नशा मुक्ति पर किया जागरुक




**नवभारत न्यूज़**

**नर्मदापुरम, 2 जुलाई .** स्थानीय शासकीय एस.एन.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गायत्री परिवार के तत्वावधान में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा.

गायत्री परिवार के उमेश कुमार सिंह, शिवकुमार विश्वकर्मा और तुलसीराम बाबरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त जीवन ही सफलता की दिशा तय करता है.

विद्यालय की ओर से शिक्षक एस.एन. चौरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया गया और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया गया.